# मुसलिम संगठनों की बैठक, शांति की अपील

नई दिल्ली, 2 नवंबर (भाषा)।

राम मंदिर-बाबरी मस्जिद मामले पर सुप्रीम कोर्ट के संभावित निर्णय से कुछ दिनों पहले शनिवार को देश के प्रमुख मुसलिम संगठनों के पदाधिकारियों, उलेमा और बुद्धिजीवियों की बैठक हुई जिसमें सभी पक्षों से अदालती फैसले को स्वीकार करने और शांति बनाए रखने की अपील की गई।

**अयोध्या विवाद**

**बैठक में देश के प्रमुख मुसलिम संगठनों के पदाधिकारी, उलेमा और बुद्धिजीवी हुए शामिल**

कई मुसलिम संगठनों के प्रतिनिधि समूह ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत की ओर से बुलाई गई इस बैठक में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, मुशावरत के प्रमुख नावेद हामिद, मरकजी जमीयत अहले हदीश हिंद के प्रमुख मौलाना असगर अली इमाम सलफी, ऑल इंडिया उलेमा एंड मशायख बोर्ड के प्रमुख मौलाना अशरफ किछौछवी, पूर्व नौकरशाह वजाहत हबीबुल्ला, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी तथा कई अन्य मौलाना एवं मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी शामिल हुए।

बैठक के बाद नावेद हामिद ने बताया, बैठक में कुछ बिंदुओं पर खासतौर पर जोर दिया गया। मसलन, न्यायालय का जो भी फैसला आए, वो सबको स्वीकार करना चाहिए। दूसरा, देश में यह सबकी जिम्मेदारी है कि शांति बरकरार रखी जाए।

उन्होंने कहा, 'इसके साथ ही हम यह उम्मीद भी करते हैं कि इस फैसले के बाद सरकार किसी एक पक्ष के साथ खड़ी नजर नहीं आएगी। हमे उम्मीद है कि यह मामला पूरी दुनिया के कानूनी इतिहास में दर्ज होगा।'

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले पर प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पांच न्यायधीशों के पीठ ने 40 दिन तक लगातार सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। यह फैसला अगले कुछ दिनों के भीतर सुनाए जाने की संभावना है। इस पीठ में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर भी शामिल हैं।

## 'न जीत का जश्न, न हार का हंगामा हो'

प्रयागराज, 2 नवंबर (भाषा)।

अयोध्या में राम मंदिर को लेकर उच्चतम न्यायालय के बहुप्रतीक्षित फैसले से पहले केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को यहां कहा कि इस फैसले को लेकर जीत का जुनूनी जश्न नहीं होना चाहिए और न ही हार का हाहाकारी हंगामा होना चाहिए।

यहां उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में 10 दिनों तक चलने वाले हुनर हाट का उद्घाटन करने आए नकवी ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'ऐसे (अयोध्या मामला) संवेदनशील मुद्दे पर हमारा यही मानना है कि उच्चतम न्यायालय का जो भी फैसला आता है, उसे सभी को स्वीकार करना चाहिए।' हुनर हाट के बारे में उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में प्रथम 100 दिनों में ही उनके मंत्रालय ने देश के अलग अलग हिस्सों में 100 हुनर हब स्वीकृत किए हैं।

# हनीप्रीत के खिलाफ राजद्रोह के आरोप हटाए गए

पंचकूला, 2 नवंबर (भाषा)।

यहां की एक अदालत ने 2017 में पंचकूला हिंसा मामले में हनीप्रीत इंसां और 35 अन्य आरोपियों के खिलाफ राजद्रोह के आरोप शनिवार को हटा दिए। हनीप्रीत डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की कथित तौर पर गोद ली हुई बेटी है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय संधीर ने हालांकि बलात्कार मामलों में डेरा प्रमुख को दोषी ठहराए जाने के बाद हुई हिंसा के सिलसिले में हनीप्रीत और अन्य डेरा अनुयायियों के खिलाफ आइपीसी की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। इस हिंसा में 30 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक घायल हुए थे।

**पंचकूला हिंसा मामला**

बचाव पक्ष के वकील सुरेश रोहिल्ला ने कहा कि अदालत ने धारा 121 और 121ए के तहत आरोपियों के खिलाफ लगे आरोपों को हटा दिया है। रोहिल्ला ने कहा कि हनीप्रीत समेत आरोपियों के खिलाफ आइपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए गए है। इनमें गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराएं शामिल है। अंबाला जेल में बंद हनीप्रीत और सुखविंदर कौर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए जबकि अन्य आरोपी पेश होने के लिए अदालत पहुंचे।

पुलिस ने पंचकूला हिंसा मामले के सिलसिले में देशद्रोह और आपराधिक साजिश के आरोपों में हनीप्रीत और अन्य डेरा अनुयायियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अगस्त 2017 में डेरा प्रमुख को दोषी ठहराए जाने के बाद पंचकूला में हिंसा भड़काने के लिए कथित तौर पर साजिश रचने के लिए हनीप्रीत के साथ अन्य आरोपियों के नाम प्राथमिकी में दर्ज हैं। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि मामले की सुनवाई अब पंचकूला के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में होगी और सुनवाई की अगली तिथि छह नवंबर तय की गई है। डेरा प्रमुख को दोषी ठहराए जाने के बाद पुलिस गुरमीत राम रहीम और हनीप्रीत को एक हेलिकॉप्टर से पंचकूला से रोहतक की सुनारिया जेल लेकर गई थी।

## बच्ची से बलात्कार के मामले में बहन-बहनोई सहित तीन को उम्रकैद

ग्वालियर, 2 नवंबर (भाषा)।

स्थानीय अदालत ने पांच साल की बच्ची के साथ बलात्कार, यौन शोषण करने और इस काम में मदद करने के जुर्म में उसकी बहन-बहनोई और पड़ोसी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश अर्चना सिंह ने नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार, यौन शोषण और इस पूरे कांड में साथ देने और अन्य मामलों में पीड़िता की सगी बहन, बहनोई और पड़ोसी ईश्वरी बाबा (55) को दोषी करार देते हुए शुक्रवार को भादंस की धारा 376 (बलात्कार) और पॉक्सो कानून के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई।

तीनों आरोपियों पर कुल 99,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही इसमें से 75,000 रुपए पीड़ित लड़की को देने का आदेश दिया है। 20 अप्रैल 2017 में इस बच्ची से बलात्कार और पॉक्सो कानून में मामला दर्ज हुआ था। बच्ची अपने मजदूर माता-पिता का देहांत होने के बाद वर्ष 2015 से अपनी बहन और जीजा के घर पर रह रही थी। सगी बहन के अलावा बच्ची के कोई अन्य रिश्तेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित बच्ची के जीजा ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया और उसकी सगी बहन ने उसकी सुरक्षा करने के स्थान पर बच्ची के साथ मारपीट की और कई बार उसे भूखा रखा।

# हत्या कर भाग रहे व्यक्ति को भीड़ ने पीटा, मौत

बांदा, 2 नवंबर (भाषा)।

कुल्हाड़ी से काट कर पत्नी की हत्या करने और ससुराल वालों को घायल कर भाग रहे 40 साल के एक व्यक्ति की गांव के लोगों ने पकड़ कर पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने अमेठी में संवाददाताओं से कहा कि घटना बुधवार की है। छत्तीसगढ़ निवासी निसार कुरैशी अपने ससुराल फतेहपुर पहुंचा था।

अधिकारी ने बताया कि उसने कुल्हाड़ी से काट कर 35 साल की पत्नी अंसारी की हत्या कर दी और अपनी सास व साली को भी घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद कुरैशी वहां से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी बुरी तरह पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई।पुलिस प्रमुख ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और दोषी को सजा जरूर मिलेगी। गाजीपुर के थाना प्रभारी संदीप तिवारी ने बताया कि कुरैशी के भाई इशहाक ने 100-150 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि इशहाक ने उन्हें एक मिनट 28 सेकंड का घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सौंपा है। जांच में वीडियो का भी संज्ञान लिया जाएगा।निसार का पोस्टमॉर्टम करने वाले चिकित्सकों के पैनल में शामिल एक चिकित्सक ने बताया कि उसके सिर और मुंह के अलावा विभिन्न अंगों की 50 से अधिक हड्डियां टूटी थीं। इन चोटों की वजह से ही उसकी मौत हुई है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## राष्ट्रपति कोविंद दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंचे

गंगटोक, 2 नवंबर (भाषा)।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपनी पत्नी सविता के साथ शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंचे।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (आइपीआर) की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्यमंत्री प्रेस सिंह तमांग और वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारियों ने लीबिंग स्थित सेना के हेलीपैड पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद कोविंद राज भवन के लिए रवाना हुए। आइपीआर की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि वह अन्य व्यस्तताओं के बीच रविवार को सिक्किम विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे।

## मुंबई में श्रद्धालुओं ने छठ पर सूर्य को अर्घ्य दिया

मुंबई, 2 नवंबर (भाषा)।

मुंबई महानगर में शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं ने छठ पूजा के पावन अवसर पर जुहू, दादर में समुद्र में और विभिन्न जलाशयों में डुबकी लगाकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। कार्तिक मास की षष्ठी को छठ का पर्व मनाया जाता है। इसे डाला छठ भी कहते हैं। छठ पूजा भगवान सूर्य को समर्पित है। इसमें श्रद्धालु उपवास रखकर भगवान सूर्य को गन्ना, ठेकुआ और मौसमी फलों का प्रसाद चढ़ाते हैं और जल एवं दूध से अर्घ्य देते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के समुद्र किनारे एवं अन्य छठ घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचने के मद्देनजर पूरी व्यवस्था कर ली गई है। एक अधिकारी ने बताया कि खोया-पाया सहायता केंद्र बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शनिवार और रविवार को 'बेस्ट' द्वारा विशेष बसों का संचालन किया जाएगा।

## महिला से सामूहिक बलात्कार का वीडियो वायरल, छह के खिलाफ मामला दर्ज

बांदा, 2 नवंबर (भाषा)।

चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ चार दिन पहले हुए कथित सामूहिक बलात्कार का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मऊ थाना प्रभारी (एसओ) अरुण पाठक ने बताया कि सोशल मीडिया पर सामूहिक बलात्कार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। मामले के छह आरोपियों में से चार की वीडियो के आधार पर पहचान हो चुकी है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर विक्की गर्ग, कुलदीप, डीजे और कारतूस के अलावा दो अज्ञात नकाबपोश युवकों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार, लूटपात और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। 14 सेकंड का यह वीडियो 28 अक्तूबर का है। उन्होंने बताया कि 24 साल की एक महिला अपने जीजा के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी, तभी रास्ते में छह युवकों ने हथियार दिखाकर उन्हें रोका।

पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड
CIN:L45201DL1999PLC195937
पंजीकृत कार्यालय: एनबीसीसी प्लाजा, टावर-II, 4 था तल, पुष्प विहार, सेक्टर-V, साकेत, नई दिल्ली
कॉर्प. कार्यालय: 3/22-डी, सिविल लाइंस, आगरा-दिल्ली बाईपास रोड, आगरा-282002
संपर्क नं.: 011-29574800, 0562-4054400, फैक्स नं.: 0562-4070011,
वेबसाइट: www.pncinfratech.com, ई-मेल: complianceofficer@pncinfratech.com

सूचना-पत्र

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 एवं 47 के अनुपालन में कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक गुरुवार 14 नवम्बर, 2019 को 3/22-डी, सिविल लाइंस, आगरा-दिल्ली बाईपास रोड, आगरा में उसके कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त दूसरी तिमाही/छमाही के लिये कम्पनी के अनंकेक्षित स्टैण्डएलॉन वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जाएंगे।
सूचना में शामिल जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.pncinfratech.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश से
पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड के लिये
हस्ता.
तपन जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
ICSI M. No.: A22603
स्थान: आगरा
तिथि: 2 नवम्बर, 2019

# अपहरण कर युवक की हत्या करने के छह आरोपी भेजे गए जेल

सहारनपुर, 2 नवंबर (जनसत्ता)।

पुलिस ने छह लोगों को एक परिचित युवक की फिरौती के लिए हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह मामला गंगोह थाना क्षेत्र का है। एसपी देहात विद्यासागर मिश्र ने आज यह जानकारी दी। थाना गंगोह के प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह ने बताया कि गंगोह थाने के गांव सांगठेड़ा निवासी 22 वर्षीय अविवाहित युवक अवनीश कुमार उर्फ सोनू पुत्र पीतांबर का 26 अक्तूबर को उसके परिचित साथी दीक्षित निवासी गांव घाटेड़ा थाना रामपुर मनिहारान ने अपने पास बुलाकर अपने पांच अन्य साथियों की मदद लेकर उसका अपहरण कर लिया और 28 अक्तूबर की शाम इन बदमाशों ने अपहृत युवक के पिता पीतांबर को सोनू के मोबाइल से फोन कर 20 लाख की फिरौती मांगी और एक-दो दिन बाद उनके पास मिठाई के डिब्बे में सोनू का एक मोबाइल भिजवा दिया। इस बीच बदमाशों ने सोनू की गला दबाकर हत्या कर और उसका शव थाना गागलहेड़ी के गांव छाछरेकी में गन्ने के खेत में फेंक दिया।

पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस और मुखबिरों की सूचना पर एक-एक करके सभी छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मिश्र ने बताया कि इस मामले में जो छह बदमाश जेल भेजे गए हैं उनमें मृतक का सबसे करीबी परिचित दीक्षित और उसके पांच साथियों-अरुण कुमार निवासी गांव वजीरपुर थाना गंगोह, नीटू निवासी गांव खुशालीपुर थाना बिहारीगढ़, राहुल गांव निवासी उमरी, सन्नी उर्फ सचिन निवासी पंजाब, अमरीश धींमान निवासी गांव नवादा आदि शामिल हैं। ये सभी बदमाश दो-तीन माह पहले जेल से छूटकर आए थे। इन बदमाशों के खिलाफ लूट, हत्या, बलात्कार और तस्करी आदि के कई मुकदमे दर्ज हैं। मृतक अवनीश विभिन्न गांवों में जाकर ठेके पर खेतीबारी करता था।

**चीनी मिलों ने शुरू की पेराई** : जिले की छह चीनी मिलों के पेराई सत्र की शुरुआत हो गई है। नौ हजार क्विंटल पेराई क्षमता की बजाज शुगर मिल ने पेराई प्रारंभ कर दी। इस मिल के मुख्य प्रबंधक आरके तिवारी और जिला गन्नाधिकारी कृष्ण मोहन मनी त्रिपाठी ने यज्ञ हवन के बाद चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ करा दिया। जिलाधिकारी आलोक पांडे ने आज बताया कि सहारनपुर जिले की सबसे बड़ी 14 हजार क्विंटल प्रतिदिन पेराई क्षमता की देवबंद चीनी मिल 7 नवंबर से गन्ना पेराई शुरू कर देगी। 7 हजार क्विंटल क्षमता वाली शेरमऊ चीनी मिल 10 नवंबर से और 5 हजार क्षमता वाली गागलहेड़ी चीनी मिल 12 नवंबर से 5 हजार क्षमता वाली किसान सहकारी चीनी मिल नानोता छह नवंबर से 2750 क्विंटल क्षमता की सरसावा चीनी मिल 4 नवंबर से पेराई सत्र की शुरुआत करेगी।

Continued from previous page

कार्पोरेशन बैंक
सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक
अंचल कार्यालयः दिल्ली उत्तर, द्वितीय तल, फैज़ रोड-1, नई दिल्ली-110005,
फोन : 011-28754615, 28754642, ईमेल : dlirec@corpbank.co.in, वेबसाइट : www.corpbank.com

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

शाखा का नाम एवं पता : नोएडा कॉर्पोरेट शाखा फोन नं. 0120-2511225, 2511224, 2517205

कर्जदार और गारंटर्स का नाम : कर्जदार: मैसर्स स्वास्तिक ट्रेडर्स, डी-9 प्रेम नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली, प्रोपराईटर का नाम: श्री राजेश अत्री
बकाया राशि ₹ 2,70,84,383.93 + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि

सम्पत्ति नं. 32 फ्लैट नं. 16 (द्वितीय तल) प्लॉट आर 2 और आर 3, खसरा नं. 98 और 102 में से, ब्लॉक-आर, बिन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59 में स्थित, क्षेत्रफल 94.00 वर्ग गज/78.60 वर्ग मी. (भौतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 19,55,000/- जमा धरोहर राशि रु. 1,95,500/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/swastik_traders.pdf

सम्पत्ति नं. 33 फ्लैट नं. 18 (द्वितीय तल) प्लॉट आर 2 और आर 3, खसरा नं. 98 और 102 में से, ब्लॉक-आर, बिन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59 में स्थित, क्षेत्रफल 94.00 वर्ग गज/78.60 वर्ग मी. (भौतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 19,55,000/- जमा धरोहर राशि रु. 1,95,500/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/swastik_traders.pdf

सम्पत्ति नं. 34 तीसरा तल फ्लैट नं. 24, प्लॉट नं. आर-02 और आर - 03, खसरा नं. 98 और 102, ब्लॉक-आर, वाणी विहार, गाँव बिन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में स्थित, क्षेत्रफल 94.00 वर्ग गज/78.60 वर्ग मी. (भौतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 20,40,000/- जमा धरोहर राशि रु. 2,04,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/swastik_traders.pdf

सम्पत्ति नं. 35 ऊपरी भूतल, रिहायशी फ्लैट (बिना छत के अधिकार के) नं. 4, प्लॉट नं. आर-02 और आर - 03, खसरा नं. 98 और 102, ब्लॉक-आर, वाणी विहार, गाँव बिन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली में स्थित, क्षेत्रफल 78.60 वर्ग मी. (सांकेतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 21,25,000/- जमा धरोहर राशि रु. 2,12,500/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/swastik_traders.pdf

सम्पत्ति नं. 36 ऊपरी भूतल, रिहायशी फ्लैट (बिना छत के अधिकार के) नं. 6, प्लॉट नं. आर-02 और आर - 03, खसरा नं. 98 और 102, ब्लॉक-आर, वाणी विहार, गाँव बिन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली में स्थित, क्षेत्रफल 78.60 वर्ग मी. (सांकेतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 21,25,000/- जमा धरोहर राशि रु. 2,12,500/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/swastik_traders.pdf

सम्पत्ति नं. 37 तीसरा तल रिहायशी फ्लैट (बिना छत के अधिकार के उल्टे हाथ पर पीछे की तरफ) नं. 22, प्लॉट नं. आर-02 और आर - 03, खसरा नं. 98 और 102, ब्लॉक-आर, वाणी विहार, गाँव बिन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली में स्थित, क्षेत्रफल 78.60 वर्ग मी. (सांकेतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 20,40,000/- जमा धरोहर राशि रु. 2,04,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/swastik_traders.pdf

सम्पत्ति नं. 38 ऊपरी भूतल, रिहायशी फ्लैट (बिना छत के अधिकार के) प्रा. नं. 5, प्लॉट नं. आर-02 और आर - 03, ब्लॉक-आर, ब्लाक आर, खसरा नं. 98 और 102 में से, वाणी विहार, गाँव बिन्दापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली - 110059, यह सम्पत्ति श्री राजेश अत्री के नाम पर है।
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 16,15,000/- जमा धरोहर राशि रु. 1,61,500/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/swastik_traders.pdf

कर्जदार और गारंटर्स का नाम : कर्जदार : 1 (क) मेसर्स सतगुरु इम्पेक्स, अपने पार्टनर्स द्वारा प्रतिनिधित्व श्री रविन्द्र कुमार मादन और श्रीमती उषा मादन, मकान नं 173, सैक्ट. 15ए, नोएडा, उत्तर प्रदेश -201301 (ख) श्री रविंदर कुमार मदान - सह-ओब्लिगेंट (ग) श्रीमती उषा मदान - सह-ओब्लिगेंट 2(क) श्री अंश मदान (ख) श्री रविंद्र कुमार मदान - सह-ओब्लिगेंट (ग) श्रीमती उषा मदान - सह-ओब्लिगेंट गारंटर: (क) श्री रविन्द्र कुमार मदान (ख) श्रीमती उषा मदान, मैसर्स सतगुरु इम्पेक्स और श्री अनश मदान हेतु गारंटर
बकाया राशि ₹ 51,00,000/- + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि

सम्पत्ति नं. 39 रिहायशी मकान नं. 173, सैक्टर-15ए, 2 मंजिला भवन, साथ में Mezz पार्ट, मार्ट बरसाती और बेसमेंट पार्ट, भूमि क्षेत्रफल 239.20 वर्ग गज, यह सम्पत्ति रविन्दर कुमार मदान के नाम पर है। नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 चौहद्दी : उत्तर में - प्लॉट नं. 172, दक्षिण में - प्लॉट नं. 174, पूरब में - अन्य का प्लॉट, पश्चिम में - 9 मी. चौडी रोड (सांकेतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 29.05.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 4,77,00,000/- जमा धरोहर राशि रु. 47,70,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/satguruimpex.pdf

शाखा का नाम एवं पता : करोल बाग शाखा 2223, फोन नं. 011- 28750955, 25755119,

कर्जदार और गारंटर्स का नाम : उधारकर्ता मैसर्स एएम डायमंड्स ने अपने पार्टनर श्री रोशन लाल और श्री अमित सिंगला, जीआई -32, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली- 110035, गारंटर 1. श्री रोशन लाल, मकान नं. 1638 वार्ड नं. 5 रोहतक, हरियाणा, 124001, 2. श्री छविकान्त, मकान नं. 124, वार्ड नं. 10, तहसील हंजी, जिला हिसार, हरियाणा 3. मेसर्स सावित्री हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, स्टीफन हाउस, 4 बीबीडी बागे (ई), कमरा नं. 5 ए, पहली मंजिल, कोलकाता, श्रीशरण लाल भालोठिया और श्री छविकांत
बकाया राशि ₹ 22,13,14,944/- + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि

सम्पत्ति नं. 40 रिहायशी सह व्यवसायिक सम्पत्ति नं. टी-2539, सुभाष नगर, करोल बाग, नई दिल्ली में स्थित, यह सम्पत्ति सावित्री हाउसिंग प्रा. लि., रूम नं. 5ए, प्रथम तल स्टीफन हाऊस -4 बी बी डी बैग (ईस्ट) कोलकता के नाम पर है। (भौतिक कब्जा)
नीलामी की तिथि एवं समय : 29.05.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 7,20,00,000/- जमा धरोहर राशि रु. 72,00,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/am_diamond1.pdf

कर्जदार और गारंटर्स का नाम : कर्जदार : मैसर्स दुर्गा एपैरल्स प्रा. लि. ए-3/88, तृतीय तल, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 और मैसर्स दुर्गा एपैरल्स प्रा. लि., एल-93, चाणक्य प्लेस, पार्ट-II, नई दिलली-110059 गारंटर 1. श्री सज्जन कुमार 2. सुश्री सुनीता गर्ग 3. श्री धर्म पाल 4. श्री दीना नाथ 5. सुश्री संगीता बंसल
बकाया राशि ₹ 3,38,36,229.75 + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि

सम्पत्ति नं. 41 भूमि क्षेत्रफल 3 बीघा और 11 बिस्वा, जिसमें खसरा नं. 5/23/2(3-11) शामिल है, साथ में बिल्डिंग रेवेन्यू गाँव असलतपुर ख्वाद, तहसील नजफगढ़, नई दिल्ली में स्थित
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 2,35,50,000/- जमा धरोहर राशि रु. 23,50,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/durga_apparels_pvt_ltd1_0.pdf

कर्जदार और गारंटर्स का नाम : कर्जदार : राजीव अग्रवाल (मृतक) के कानूनी वारिस, ई-38, ब्लॉक-ई ग्रेटर कैलाश, पार्ट-I, नई दिल्ली-110048 सुश्री रिद्धि अग्रवाल (कानूनी वारिस), सुश्री जाह्नवी अग्रवाल (कानूनी वारिस), श्रीकृष्ण अग्रवाल (कानूनी वारिस)
बकाया राशि ₹ 70,41,403.50 + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि

सम्पत्ति नं. 42 द्वितीय तल रिहायशी फ्लैट सम्पत्ति नं. 34, ब्लॉक-III, प्लॉट नं. 34 की भमि का अविभाजित हिस्सा, क्षेत्रफल 188 वर्ग मी. रिहसयशी कॉलोनी जिसे इरोज गार्डन कॉलोनी, गाँव लक्कपुर, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद में स्थित
नीलामी की तिथि एवं समय : 29.05.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 74,25,000/- जमा धरोहर राशि रु. 7,42,500/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/meenu_aggarwal.pdf

शाखा का नाम एवं पता : कारपोरेट बैंकिंग शाखा, फोन नं. 011- 28754642, 28755501, 28755294

कर्जदार और गारंटर्स का नाम : उधारकर्ता: 1. श्रीमती मंजरी अग्रवाल (आवेदक) 2. (ए) श्री संजय अग्रवाल (सह-आवेदक) 2. (बी) सुश्री संजय अग्रवाल, एचयूएफ (सह-आवेदक) कॉर्पोरेट कार्यालय/पंजीकृत कार्यालय/पता: निवासी : 143, शहजादी मंडी, आगरा-282001, गारंटर: श्री शुभम अग्रवाल (गारंटर) पत्नी श्री संजय अग्रवाल निवासी : 143, शहजादी मंडी, आगरा - 282001
श्री सकशम अग्रवाल (गारंटर) पुत्र श्री संजय अग्रवाल निवासी : 143, शहजादी मंडी, आगरा - 282001
बकाया राशि ₹ 12,26,28,480.95 + भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे प्रभार इत्यादि

सम्पत्ति नं. 43 सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि (खुली भूमि क्षेत्रफल 2.1683 हैक्ट. जोकि खसरा नं 751/2, 751/3 और 751/4, गाँव तेहरा, तहसील खेड़ागढ़, आगरा, यू.पी में स्थित)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 8,76,00,000/- जमा धरोहर राशि रु. 87,60,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/manjari_agarwal.pdf

सम्पत्ति नं. 44 सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि (खुली भूमि क्षेत्रफल 1.6841 हैक्ट. जोकि खसरा नं 813, 814, 815 और 819, गाँव तेहरा, तहसील खेड़ागढ़, मेन आगरा - गवालियर आगरा, यू.पी में स्थित)
नीलामी की तिथि एवं समय : 19.11.2019 पूर्वा. 11.45 बजे से अर्पा. 1.15 बजे तक (10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) आरक्षित मूल्य रु. 6,80,00,000/- जमा धरोहर राशि रु. 68,00,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों हेतु, कृपया दिए गए लिंक को देखें https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/manjari_agarwal.pdf

दिनांक: 02.11.2019, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, कार्पोरेशन बैंक